प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 05 मई, 2025 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष, झारखंड विधानसभा श्री बाबूलाल मरांडी ने राज भवन में भेंट की। इस क्रम में श्री मरांडी ने राज्य की वर्तमान गिरती हुई विधि-व्यवस्था की स्थिति की ओर राज्यपाल महोदय का ध्यान आकृष्ट कराया। साथ ही, उन्होंने पुलिस महानिदेशक के पद को लेकर राज्य सरकार के रवैये से भी अवगत कराया।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज सीमा सुरक्षा बल (BSF) के प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय, मेरु कैंप, हजारीबाग के महानिरीक्षक श्री धीरेंद्र संभाजी कुटे एवं अन्य वरीय अधिकारियों ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। उक्त अवसर पर महानिरीक्षक ने राज्यपाल महोदय को भूमि संबंधित समस्याओं की ओर अवगत कराया।